| |
|---|
| दिनांक 23.03.2025 |
| प्रेस विज्ञप्ति 37/2025 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

## जनपद कन्नौज/क्राइम ब्रान्च कन्नौज

- **01 लाख रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**

दिनांक 22.03.2025 को क्राइम ब्रान्च कन्नौज पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर कस्बा मिटमिटा पठान होटल के पास औरगांबाद महाराष्ट्र से पुरस्कार घोषित अभियुक्त बलाडा पारदी को गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरूद्ध जनपद कन्नौज एवं मध्यप्रदेश, उडीसा प्रान्त के विभिन्न थानो में हत्या, हत्या का प्रयास, डकैती, चोरी, आबकारी एक्ट आदि के 13 अभियोग पंजीकृत है। गिरफ्तार अभियुक्त थाना कोतवाली कन्नौज पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जोनल स्तर से 01 लाख रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में जनपद कन्नौज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—बलाडा पारदी निवासी ग्राम मुरादपुर थाना धरनावदा जनपद मध्यप्रदेश, हालपता ग्राम बंजरवाडी थाना दौलताबाद जनपद औरगांबाद महाराष्ट्र।

## जनपद शाहजहाँपुर/थाना निगोही

- **25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**

दिनांक 23.03.2025 को थाना निगोही व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर कैमुआ पुल के पास खुदागंज रोड से पुरस्कार घोषित अभियुक्त रजत को गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जो थाना निगोही पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना निगोही पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—रजत निवासी ग्राम पतराजपुर थाना निगोही जनपद शाहजहाँपुर।

**जनपद जौनपुर/थाना नेवढ़िया**

- **10 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**

दिनांक 23.03.2025 को थाना नेवढ़िया पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर अहिरौली मोड़ के पास से पुरस्कार घोषित अभियुक्त राम सोनार उर्फ आदर्श को गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जो थाना नेवढ़िया पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 10 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना नेवढ़िया पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—राम सोनार उर्फ आदर्श निवासी ग्राम गोपालापुर थाना रामपुर जनपद जौनपुर।

**कमिश्नरेट आगरा/थाना सदर बाजार**

- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी के 04 लाख 55 हजार रूपये नगद**
- **01 मोटर साइकिल आदि बरामद**

दिनांक 22.03.2025 को थाना सदर बाजार व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर स्वामी धाम रोड़ से अभियुक्त रोशन को गिरफ्तार किया गया एवं 02 बाल अपचारी को पुलिस संरक्षण में लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से चोरी के 04 लाख 55 हजार रूपये नगद, 01 मोटर साइकिल आदि बरामद हुई।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 27.02.2025 को थाना सदर बाजार क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरो द्वारा चोरी की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना सदर बाजार पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी व माल बरामदगी के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्त से बरामद रूपया चोरी की घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना सदर बाजार पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1—रोशन निवासी प्रकाश नगर थाना कोतवाली जनपद दतिया मध्यप्रदेश।

**<u>बरामदगी</u>**

1—चोरी के 04 लाख 55 हजार रूपये नगद।

2—01 मोटर साइकिल आदि।

## <u>जनपद फिरोजाबाद/थाना रसूलपुर</u>

- **पुलिस कार्यवाही में 04 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **04 अवैध शस्त्र मय जीवित/खोखा कारतूस विभिन्न बोर बरामद**

दिनांक 22.03.2025 को थाना रसूलपुर व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर मोती नगर से मोढ़ा की तरफ जाने वाले रास्ते पर बदमाशों की घेराबन्दी की गई तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त 1—गुलाम हुसैन घायल हो गया, जिसे अभियुक्त 2—पिंकू उर्फ प्रदीप 3—दिनेश 4—परवीन सहित गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से 04 अवैध शस्त्र मय जीवित/खोखा कारतूस विभिन्न बोर बरामद हुए। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

इस सम्बन्ध में थाना रसूलपुर पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—गुलाम हुसैन निवासी नक्कारची टोला थाना दक्षिण जनपद फिरोजाबाद।

2—पिंकू उर्फ प्रदीप निवासी नई बस्ती थाना दक्षिण जनपद फिरोजाबाद।

3—दिनेश निवासी लोहावल खेड़ा जनपद मैनपुरी।

4—परवीन निवासी काजी टोला थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।

**बरामदगी**

1—04 अवैध शस्त्र मय जीवित/खोखा कारतूस विभिन्न बोर।

## एएनटीएफ/एएनटीएफ थाना सहारनपुर

- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 01 करोड़ रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 20 किलोग्राम अवैध चरस**
- **नगद रूपये, 01 मोबाइल फोन आदि बरामद**

दिनांक 22.03.2025 को एएनटीएफ थाना सहारनपुर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर ग्राम किवाना थाना कांधला जनपद शामली से अभियुक्त जितेन्द्र उर्फ जित्ता को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से लगभग 01 करोड़ रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 20 किलोग्राम अवैध चरस, नगद रूपये, 01 मोबाइल फोन आदि बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना कांधला जनपद शामली पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—जितेन्द्र उर्फ जित्ता निवासी ग्राम किवाना थाना कांधला जनपद शामली।

**बरामदगी**

1—लगभग 01 करोड़ रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 20 किलोग्राम अवैध चरस।

2—नगद रूपये, 01 मोबाइल फोन आदि।

**जनपद हाथरस/थाना सासनी**

- **पुलिस कार्यवाही में 01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस**
- **01 मोटर साइकिल बरामद**

दिनांक 23.03.2025 को थाना सासनी पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर शक्ति वन के पास बदमाश की घेराबन्दी की गई तो बदमाश ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त बोबी घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस, 01 मोटर साइकिल बरामद हुई। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

इस सम्बन्ध में थाना सासनी पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—बोबी निवासी आशानगर थाना सासनी जनपद हाथरस।

**बरामदगी**

1—01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

2—01 मोटर साइकिल।

**जनपद कौशाम्बी/थाना महेवाघाट**

- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 08 लाख रूपये कीमत के 37 किलो 240 ग्राम अवैध गांजा**
- **नगद रूपये, 02 मोबाइल फोन**
- **01 चार पहिया वाहन आदि बरामद**

दिनांक 23.03.2025 को थाना महेवाघाट पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर घोघपुर तिराहा के पास चेकिंग के दौरान अभियुक्त देवेन्द्र को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से लगभग 08 लाख रूपये कीमत के 37 किलो 240 ग्राम अवैध गांजा, नगद रूपये, 02 मोबाइल फोन, 01 चार पहिया वाहन आदि बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना महेवाघाट पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–देवेन्द्र निवासी सेंगरहा थाना पश्चिम शरीरा जनपद कौशाम्बी।

**बरामदगी**

1–लगभग 08 लाख रूपये कीमत के 37 किलो 240 ग्राम अवैध गांजा।

2–नगद रूपये, 02 मोबाइल फोन।

3–01 चार पहिया वाहन आदि।

––––––